**कार्यालय मुख्य अभियंता,**
**सिंचाई सृजन,**
**जल संसाधन विभाग, दरभंगा।**
**Email-wrddarbhanga@gmail.com**


आदेश संख्याः–02/स्था0–07–01(अनु0नि0)02/2025– /दरभंगा, दिनांकः–

## – आदेश–

अध्यक्ष, जिला अनुकम्पा समिति–सह–जिला पदाधिकरी, मधुबनी की अध्यक्षता में दिनांक–**19.03.2026** को संपन्न अनुकम्पा समिति की बैठक, जिसकी कार्रवाई स्थापना उप समाहर्त्ता, मधुबनी के ज्ञापांक–XIV-07/2026-**278**/ जि०स्था०, दिनांक–**06.04.2026** से निर्गत है, द्वारा प्राप्त अनुशंसा एवं विभागीय पत्रांक–03/स्था०:–15(अनुकम्पा)–01/2026– **2784** दिनांक–**24.06.2026** से प्राप्त अनुमति के आलोक में श्री अमन कुमार वर्मा, पिता–स्व0 अंजनी कुमार वर्मा, निम्न वर्गीय लिपिक, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, झंझारपुर को अनुकम्पा के आधार पर **समूह–'ग'** अंतर्गत सप्तम पुनरीक्षित वेतनमान–**वेतन स्तर–2 (वेतनमान–19900–63200)** में समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत अनुमान्य अन्य देय भत्तों के साथ अधोलिखित कंडिकाओं में निहित शर्त्तों के अधीन **निम्न वर्गीय लिपिक** के पद पर पूर्णतः औपबंधिक रूप से नियुक्त करते हुए निम्नांकित तालिका में उनके नाम के सम्मुख अंकित **स्तम्भ–6** के कार्यालय में पदस्थापित किया जाता हैः–

| क्र0 सं0 | नवनियुक्त कर्मी का नाम/पिता का नाम/पता | अनुशंसा का प्रसंग | लिंग | जन्म तिथि | पदस्थापित कार्यालय का नाम | फोटोग्राफ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | **श्री अमन कुमार वर्मा,** पिता–स्व0 अंजनी कुमार वर्मा ग्राम–धर्मपट्टी, पो०–जियाराम राघोपुर, जिला–सुपौल, पिन–852111 | स्थापना उप समाहर्त्ता, मधुबनी के ज्ञापांक–XIV-07/2026-**278**/जि०स्था०, दिनांक– **06.04.2026** (क्र0–2) | पुरूष | 13.10.2004 | पश्चिमी कोशी नहर, प्रमंडल, झंझारपुर। |  |

1. श्री अमन कुमार वर्मा, पदस्थापित कार्यालय में पत्र प्राप्ति के **पन्द्रह (15)** दिनों के अन्दर निश्चित रूप से अपना योगदान देंगे अन्यथा नियुक्ति स्वतः रद्द समझी जायेगी।
2. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई है। अगर इसके पूर्व इस संवर्ग में नियुक्ति के लिए संबंधित पदाधिकारी के अधीन कोई वरीयता सूची तैयार की गई है तो उनकी वरीयता उक्त सूची के बाद होगी।
3. इनकी नियुक्ति परिक्षेत्राधीन कार्यालयों में निम्न वर्गीय लिपिक के स्वीकृत 104 (77+27) पदो के अतिरिक्त भंडारपाल/मोहर्रिर के रिक्त पदो सृजित निम्न वर्गीय लिपिक के 26 पद (कुल–130) पदो के विरूद्ध समझी जाएगी।
4. यदि इनकी नियुक्ति आरक्षित कोटे के रोस्टर बिन्दु पर हुई है तो उस आरक्षित कोटा के पद को अग्रणीत कर दिया जायेगा।
5. योगदान करते समय इन्हें असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सक पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (मूल में) के साथ दहेज नहीं लेन–देने संबंधी घोषणा पत्र समर्पित करना होगा।
6. स्व0 अंजनी कुमार वर्मा के आश्रित परिवार के सदस्यों का भरण–पोषण का दायित्व श्री अमन कुमार वर्मा पर होगी। उत्तरदायित्व का निर्वहन तत्परता के साथ नहीं करना गंभीर कदाचार माना जायेगा जिसके लिए उनके विरूद्ध नियमानुसार समुचित कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावे उत्तरदायित्व की अवहेलना की

सम्पुष्टि होने पर उनकी उपलब्धियों का एक अंश मृत सरकारी सेवक के आश्रित सदस्यों को देने का आदेश सरकार दे सकती है।

7. श्री अमन कुमार वर्मा प्रवृत्त नई अंशदायी पेंशन योजना (NPS) से आच्छादित होंगें।
8. नियुक्त पद पर योगदान किये जाने के उपरान्त संबंधित कार्यालय प्रधान द्वारा नियुक्त पद के लिए वांछित शैक्षणिक योग्यता/जन्म तिथि से संबंधित प्रमाण–पत्र आदि से संतुष्ट होने के उपरान्त ही इनके वेतनादि का भुगतान करेंगें।
9. योगदान हेतु आने–जाने के लिए कोई यात्रा भत्ता अनुमान्य नहीं होगा। इनके वेतनादि का भुगतान नव पदस्थापित कार्यालय में योगदान की तिथि से देय होगा।
10. किसी प्रकार की गलत सूचना तथा धोखाधड़ी के आधार पर नियुक्ति पत्र प्राप्त किया जाना प्रमाणित होने पर उन्हें सेवा से मुक्त करते हुए नियमानुसार वैधिक कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
(अनिल कुमार मंडल),
मुख्य अभियंता।

ज्ञापांकः–02/स्था0–07–01(अनु0नि0)02/2025– /दरभंगा, दिनांकः–

प्रतिलिपिः– श्री अमन कुमार वर्मा, नवनियुक्त निम्न वर्गीय लिपिक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
(अनिल कुमार मंडल),
मुख्य अभियंता।

ज्ञापांकः–02/स्था0–07–01(अनु0नि0)02/2025– /दरभंगा, दिनांकः–

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, झंझारपुर, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, झंझारपुर एवं कोषागार पदाधिकारी, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
(अनिल कुमार मंडल),
मुख्य अभियंता।

ज्ञापांकः–02/स्था0–07–01(अनु0नि0)02/2025– /दरभंगा, दिनांकः–

प्रतिलिपिः– स्थापना उप समाहर्त्ता, मधुबनी को उनके पत्रांक– XIV-07/2026-**278**/ जि०स्था०, दिनांक–**06.04.2026** के क्रम में सूचनार्थ समर्पित ।

ह0/–
(अनिल कुमार मंडल),
मुख्य अभियंता।

ज्ञापांकः–02/स्था0–07–01(अनु0नि0)02/2025– /दरभंगा, दिनांकः–

प्रतिलिपिः– श्री सुशील कुमार मिश्र, उप सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय पत्रांक–2784 दिनांक–24.06.2026 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
(अनिल कुमार मंडल),
मुख्य अभियंता।

ज्ञापांकः–02/स्था0–07–01(अनु0नि0)02/2025– 2277 /दरभंगा, दिनांकः–30-6-2026

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता आई० टी०, जल संसाधन विभाग, सूचना प्रावैधिकी केन्द्र, पटना को विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित कराने की आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित

30/06/2026

(अनिल कुमार मंडल),
मुख्य अभियंता।